BUSINESS LINE N.D 9/5/18

# Mixed trend in spot rubber

Kottayam, May 8

Spot rubber prices were in a mixed mood on Tuesday. RSS 4 finished flat at ₹121 a kg, according to traders and the Rubber Board. But ISNR 20 and Latex improved further on enquires from certain major consuming industries during late trading hours. RSS 3 (spot) inched up to ₹117.84 (117.75) at Bangkok. Spot rubber rates (₹/kg) were: RSS-4: 121 ; RSS-5: 119 ; ISNR 20: 115 and Latex (60% drc): 85.50. OUR CORRESPONDENT

ECONOMICS TIMES N.D 9/5/18




# नई कैपेसिटी से इनवेस्टर्स के लिए बढ़ा सिएट का अट्रैक्शन

आशुतोष श्याम | ईटीआईजी

**टायर कंपनी** सिएट का शेयर पिछले तीन महीनों में बेंचमार्क सेंसेक्स के मुकाबले कमजोर रहा है, लेकिन वॉल्यूम ग्रोथ और बेहतर मार्जिन वाले प्रॉडक्ट मिक्स से आने वाले समय में कंपनी की प्रॉफिट ग्रोथ तेज होनी चाहिए। वित्त वर्ष 2018 में कंपनी की बिक्री 2.9 पर्सेंट बढ़ी। हालांकि, पिछले पांच वर्ष में 7.94 पर्सेंट की औसत वृद्धि से यह कम है।

पिछले वित्त वर्ष में कंपनी का प्रॉडक्ट मिक्स कमजोर हुआ है। ऑटोमोबाइल कंपनियों को बिक्री से सिएट की आमदनी 27 पर्सेंट बढ़ी। इसे OEM सेल्स कहा जाता है। इस सेगमेंट में मार्जिन कम मिलता है। अधिक मार्जिन वाले रिप्लेसमेंट सेगमेंट से कंपनी की आमदनी में 5 पर्सेंट की बढ़ोतरी हुई। वहीं, एक्सपोर्ट से सिएट की आमदनी में पिछले वित्त वर्ष में 7 पर्सेंट की कमी आई है।

मार्केट वित्त वर्ष 2019 और 2020 में कंपनी से 10 पर्सेंट की वॉल्यूम ग्रोथ की उम्मीद कर रहा है। गुजरात के हलोल में ट्रक बस रेडियल (TBR) टायर के लिए कंपनी की नई कैपेसिटी मौजूदा वित्त वर्ष के तीसरे क्वॉर्टर में शुरू होनी है। इसकी कुल कैपेसिटी 210 टन प्रति दिन की होगी और यह 2021 तक अपनी पूरी क्षमता पर पहुंचेगी।

पिछले वित्त वर्ष में मीडियम और हेवी कमर्शियल व्हीकल (MHCV) सेगमेंट में तेजी का सिएट फायदा नहीं उठा सकी थी। हालांकि, कंपनी की OEM सेल्स और रिप्लेसमेंट सेगमेंट से वॉल्यूम में बढ़ोतरी हुई थी। ट्रक-बस रेडियल सेगमेंट में मौजूदगी कम होने और कैपेसिटी को लेकर रुकावटों से कंपनी को मुश्किल हुई थी। नए प्लांट से सप्लाई शुरू होने के बाद MHCV सेगमेंट में कंपनी की स्थिति में सुधार होगा। अभी सिएट की आमदनी में इस सेगमेंट की हिस्सेदारी करीब एक-तिहाई है।

> **वित्त वर्ष** 2018 में कंपनी की बिक्री 2.9 पर्सेंट बढ़ी। हालांकि, पिछले पांच वर्ष में 7.94 पर्सेंट की औसत वृद्धि से यह कम है

कंपनी पर्सनल मोबिलिटी सेगमेंट में मार्केट शेयर बढ़ाने की कोशिश कर रही है। वह अगले 4-5 वर्षों में इस सेगमेंट में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 15 पर्सेंट करना चाहती है, जो अभी 10 पर्सेंट है। इसने फ्यूल एफिशिएंट और अधिक चलने वाले टायर पेश किए हैं। कंपनी का दावा है कि ये टायर माइलेज 7 पर्सेंट तक बढ़ाते हैं और एक लाख किलोमीटर चलते हैं।

एनालिस्ट्स को पैसेंजर कार सेगमेंट की रेवेन्यू में हिस्सेदारी बढ़कर वित्त वर्ष 2019 में 15 पर्सेंट और 2020 में 17 पर्सेंट होने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष में यह 14 पर्सेंट थी। टू और थ्री-व्हीलर मार्केट्स में नई कंपनियों के आने से कॉम्पिटीशन भी बढ़ा है। हालांकि, सिएट नए कस्टमर्स को जोड़कर इसका असर कम कर रही है। कंपनी ने मार्च क्वॉर्टर में चार नए टू-व्हीलर मॉडल- बजाज पल्सर 150, होंडा लिवो, होंडा शाइन और होंडा युगा के लिए टायर बनाने शुरू किए हैं। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2019 और 2020 में कंपनी का टू और थ्री-व्हीलर सेगमेंट से रेवेन्यू क्रमशः 12 पर्सेंट और 8 पर्सेंट बढ़ सकता है। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी का ऑपरेटिंग मार्जिन घटकर 10.2 पर्सेंट रह गया था। हालांकि, प्रॉडक्ट मिक्स में सुधार और कॉस्ट कंट्रोल से मौजूदा वित्त वर्ष में मार्जिन बढ़ने की संभावना है।